गेल (इंडिया) लिमिटेड

# हर लौ कहती है
# विश्वास
# की कहानी




## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संबोधन

### 42 वीं वार्षिक आम बैठक

### 27 अगस्त, 2026

# 42 वीं वार्षिक आम बैठक (वित्तीय वर्ष 2025–26) – अध्यक्षीय भाषण

**प्रिय शेयरधारकों,**

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए गेल की 42वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का पुनः स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। संपूर्ण निदेशक मंडल की ओर से मैं हमारे शेयरधारकों तथा सभी हितधारकों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। आपके निरंतर सहयोग और विश्वास के कारण ही गेल अपनी प्रगति की गति बनाए रखने में सफल रही है तथा देश की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी के रूप में अपना गौरवपूर्ण स्थान बनाए हुए है। आज यहाँ आपकी उपस्थिति आपकी कंपनी की प्रगति के प्रति आपकी गहन रुचि को दर्शाती है।

स्वच्छ ऊर्जा आधारित अर्थव्यवस्था के विस्तार, विकास तथा पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने में गेल ने एक अग्रणी संस्था के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मैं इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान आपकी कंपनी की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करना चाहूँगा।

लगातार सातवें वर्ष, शेयरधारकों को अपने–अपने स्थानों से वर्चुअल मंच के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 ने एक मूलभूत सच्चाई को उद्घाटित किया है कि ऊर्जा सुरक्षा अब ऊर्जा संक्रमण जितनी ही महत्वपूर्ण हो चुकी है। मध्य–पूर्व में भू–राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से एलएनजी आपूर्ति श्रृंखलाओं में आए व्यवधान ने यह दिखाया कि वैश्विक ऊर्जा बाजार सीमित आपूर्ति स्रोतों तथा महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर कितना निर्भर है। परिणामस्वरूप एलएनजी की कीमतों, मालभाड़ा दरों तथा आपूर्ति उपलब्धता में आई अस्थिरता ने विविधीकृत स्रोतों, सुदृढ़ अवसंरचना तथा लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं की आवश्यकता को और रेखांकित किया। साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण तथा निम्न–कार्बन प्रौद्योगिकियों में निरंतर निवेश के साथ स्वच्छ ऊर्जा की वैश्विक दिशा बनी रही। प्राकृतिक गैस ने अपने लचीलेपन तथा अपेक्षाकृत कम कार्बन तीव्रता के कारण सुव्यवस्थित ऊर्जा संक्रमण को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारत के लिए यह वर्ष संतुलित एवं व्यावहारिक ऊर्जा रणनीति के महत्व को पुनः स्थापित करने वाला रहा। जहाँ एक ओर देश ने नवीकरणीय ऊर्जा तथा उभरती प्रौद्योगिकियों में निवेश को गति दी, वहीं दूसरी ओर प्राकृतिक गैस अवसंरचना को मजबूत किया, जैव ईंधनों तथा सिटी गैस वितरण (सीजीडी) को नीतिगत समर्थन प्रदान किया और भू–राजनीतिक व्यवधानों के दौरान आपूर्ति सुदृढ़ता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए। ऊर्जा सुरक्षा, वहनीयता और स्थिरता का यह संतुलित दृष्टिकोण भारत के दीर्घकालिक ऊर्जा संक्रमण का आधार बना रहेगा।

**देवियो और सज्जनो,**

गेल के लिए वित्तीय सुदृढ़ता केवल प्रदर्शन का मापदंड नहीं है, बल्कि यह सतत विकास, रणनीतिक लचीलापन तथा शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन का आधार है।

चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्थिर वित्तीय प्रदर्शन किया। गेल का परिचालन राजस्व ₹ 1,38,697 करोड़ रहा, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह ₹ 1,37,288 करोड़ था। कर पूर्व लाभ ₹ 8,964 करोड़ तथा कर पश्चात लाभ ₹ 6,968 करोड़ रहा।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने लगातार सत्रहवें वर्ष गेल के वित्तीय विवरणों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। यह कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तथा कॉर्पोरेट प्रशासन मानकों की उत्कृष्टता का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान आपकी कंपनी ने अपनी पाइपलाइन प्रणाली के माध्यम से औसतन लगभग 122 एमएमएससीएमडी प्राकृतिक गैस का परिवहन किया तथा वैश्विक बिक्री सहित लगभग 104 एमएमएससीएमडी गैस का विपणन किया।

भारत के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क के प्रचालक के रूप में गेल राष्ट्रीय गैस ग्रिड के विकास में केंद्रीय भूमिका निभा रही है। हमारा नेटवर्क अब 18,690 किलोमीटर से अधिक विस्तृत हो चुका है तथा लगभग 1,500 किलोमीटर पाइपलाइन निर्माणाधीन है। चल रही परियोजनाओं के पूर्ण होने पर यह नेटवर्क लगभग 20,000 किलोमीटर तक पहुँच जाएगा, जिससे देशभर में गैस संपर्क और मजबूत होगा।

गेल का एलएनजी सोर्सिंग पोर्टफोलियो वर्तमान में 16.56 एमएमटीपीए है, जिसमें दीर्घकालिक अनुबंधों और बाजार आधारित खरीद का संतुलित मिश्रण शामिल है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान कंपनी ने 132 एलएनजी कार्गो आयात किए, जिनमें सात स्पॉट कार्गो भी शामिल थे। इससे वैश्विक बाजारों में उल्लेखनीय अस्थिरता के बावजूद प्राथमिकता वाले ग्राहकों को आपूर्ति बनाए रखने में सहायता मिली।

इस बढ़ते पोर्टफोलियो के समर्थन हेतु हम अपनी नौवहन क्षमताओं को भी सुदृढ़ कर रहे हैं। 1,80,000 घनमीटर क्षमता वाले ‘गेल भुवन’ तथा 1,74,000 घनमीटर क्षमता वाले ‘एनर्जी फिडेलिटी’ पोतों के लिए दीर्घकालिक चार्टर समझौते संपन्न किए गए। आज गेल के पास नौ एलएनजी पोतों का बेड़ा उपलब्ध है, जिनमें पाँच दीर्घकालिक चार्टर पर हैं। इससे लॉजिस्टिक्स पर बेहतर नियंत्रण तथा आपूर्ति विश्वसनीयता में वृद्धि हुई है।

हमारी विदेशी सहायक कंपनियाँ गेल की अंतरराष्ट्रीय क्षमताओं का निरंतर विस्तार कर रही हैं। गेल ग्लोबल (यू एस ए) एल एन जी एल एल सी हमारे अमेरिकी पोर्टफोलियो के लिए सोर्सिंग और द्रवीकरण व्यवस्थाओं का समर्थन करती है, जबकि गेल ग्लोबल (सिंगापुर) पी टी ई लिमिटेड एलएनजी व्यापार और अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय को मजबूत कर रही है। इसके अतिरिक्त, ट्रेजरी प्रबंधन तथा अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं एवं जहाज लीजिंग के अवसरों की खोज के लिए गेल ग्लोबल आई एफ एस सी लिमिटेड की स्थापना जी आई एफ टी सिटी में की गई है।

वर्ष के दौरान दाभोल एलएनजी टर्मिनल में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई। ब्रेकवाटर सुविधा के पूर्ण होने के बाद टर्मिनल ने वर्षभर प्रचालन क्षमता प्राप्त कर ली और मानसून के दौरान अपना पहला एलएनजी कार्गो प्राप्त किया। इसी वर्ष टर्मिनल ने अपना 1000वाँ एलएनजी कार्गो भी प्राप्त किया। कोंकण एलएनजी लिमिटेड के रणनीतिक महत्व को देखते हुए निदेशक मंडल ने इसके गेल में विलय की योजना को मंजूरी प्रदान की है, जिससे परिचालन और रणनीतिक स्तर पर अधिक एकीकरण सुनिश्चित होगा।

गेल भारत के एलपीजी परिवहन नेटवर्क को भी सुदृढ़ कर रही है। कंपनी 1,427 किलोमीटर लंबी जामनगर–लोनी एलपीजी पाइपलाइन की क्षमता को 3.25 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 6.5 एमएमटीपीए कर रही है। इसके अतिरिक्त, पीएनजीआरबी ने लगभग 1,775 किलोमीटर लंबाई वाली तीन नई एलपीजी पाइपलाइन परियोजनाओं के विकास के लिए गेल को अधिकृत किया है। ये हैंरू चेरलापल्ली–नागपुर पाइपलाइन, झांसी–सीतारगंज पाइपलाइन तथा शिक्रापुर–गोवा एवं हुबली पाइपलाइन। ये परियोजनाएँ भारत की एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला को अधिक सुरक्षित और लागत–कुशल बनाएँगी।

पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए गेल ने पाता में 60 केटीए पॉलीप्रोपीलीन (पीपी) इकाई चालू की है, जिससे समेकित परिसर की क्षमता 810 केटीए से बढ़कर 870 केटीए हो गई है।

अपनी विकास रणनीति को और सुदृढ़ करते हुए गेल उसर में 500 केटीए पीडीएच–पीपी परियोजना पर कार्य कर रही है, जो भारत का पहला प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन आधारित पॉलीप्रोपीलीन परिसर होगा। लगभग ₹ 11,256 करोड़ के अनुमानित निवेश वाली यह परियोजना देश की पेट्रोकेमिकल विनिर्माण क्षमता बढ़ाने तथा आयात निर्भरता कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

मंगलुरु में, गेल मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के 1.25 एमएमटीपीए पीटीए संयंत्र पर कार्य प्रगति पर है, जिससे गेल एक नई पेट्रोकेमिकल मूल्य श्रृंखला में प्रवेश करेगी।

पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में किए जा रहे ये निवेश केवल क्षमता वृद्धि तक सीमित नहीं हैंय इनका उद्देश्य अधिक विविधीकृत डाउनस्ट्रीम व्यवसाय विकसित करना तथा गेल के पेट्रोकेमिकल पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाना है।

अपस्ट्रीम क्षेत्र में चुनिंदा एकीकरण, ट्रांसमिशन और विपणन में गेल की अग्रणी स्थिति को और सुदृढ़ करता है। वर्तमान में गेल के पास भारत में आठ अन्वेषण एवं उत्पादन ब्लॉकों, म्यांमार में दो ब्लॉकों तथा संयुक्त राज्य अमेरिका में एक शेल गैस परिसंपत्ति में हिस्सेदारी है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में अपस्ट्रीम व्यवसाय ने ₹ 1,157 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक सकल कारोबार दर्ज किया।

सिटी गैस वितरण (सीजीडी) भारत में गैस मांग का एक महत्वपूर्ण प्रेरक बना हुआ है। सहायक कंपनियों तथा संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से गेल समूह 72 भौगोलिक क्षेत्रों में अधिकृत है, जहाँ लगभग 109 लाख पीएनजी ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं तथा 3,400 से अधिक सीएनजी स्टेशन संचालित हैं।

संपीडित बायोगैस (सीबीजी) भी एक महत्वपूर्ण विकास क्षेत्र है। सीबीजी–सीजीडी सिंक्रोनाइजेशन योजना की नोडल एजेंसी के रूप में गेल ने अब तक की सर्वाधिक सीबीजी बिक्री हासिल की। छह नए सीबीजी संयंत्रों के लिए निवेश स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा वर्ष 2030 तक 26 सीबीजी संयंत्र स्थापित करने के लक्ष्य की दिशा में कार्य प्रगति पर है।

वर्ष के दौरान निदेशक मंडल ने महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में स्थापित की जाने वाली दो विश्वस्तरीय गैस आधारित उर्वरक परियोजनाओं में निवेश हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। इन परियोजनाओं में लगभग ₹ 21,000 करोड़ का संयुक्त निवेश प्रस्तावित है। ये परियोजनाएँ भारत की खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करेंगी, हमारे पाइपलाइन नेटवर्क के लिए आधारभूत मांग उत्पन्न करेंगी तथा संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देंगी। गेल महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में अवसरों की भी तलाश कर रही है और इस उद्देश्य से खानिज विदेश इंडिया लिमिटेड तथा हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (डवन) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यद्यपि प्राकृतिक गैस गेल की रणनीति का केंद्र बनी हुई है, परंतु भविष्य की ऊर्जा कंपनी को जीवाश्म ईंधनों से आगे बढ़कर सतत ऊर्जा स्रोतों की दिशा में विस्तार करना होगा। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप गेल अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। नवीकरणीय ऊर्जा के साथ–साथ कंपनी हरित हाइड्रोजन, कार्बन प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता तथा अन्य निम्न–कार्बन प्रौद्योगिकियों में भी अपनी क्षमताओं का विकास कर रही है।

गेल के अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) पोर्टफोलियो में 30 से अधिक सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाएँ शामिल हैं, जो इस बात को दर्शाती हैं कि नवाचार कंपनी के विकास का केंद्रीय आधार है। हरियाणा के सोहना में एक अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना भी की जा रही है।

हमारी नवाचार यात्रा केवल हमारे स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं है। गेल अब तक 44 स्टार्टअप्स में निवेश कर चुकी है, जिसके लिए कुल ₹ 95.16 करोड़ की निधि स्वीकृत की गई है, जिसमें से ₹ 78.06 करोड़ का वितरण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, गेल ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संरक्षण में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अन्य तेल एवं गैस सार्वजनिक उपक्रमों के साथ मिलकर एमसी–2 फाउंडेशन की स्थापना में भी भागीदारी की है।

सततता गेल की दीर्घकालिक रणनीति का अभिन्न अंग है। कंपनी वर्ष 2035 तक स्कोप–1 तथा स्कोप–2 उत्सर्जन में नेट–जीरो लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे डीकार्बोनाइजेशन पोर्टफोलियो में नवीकरणीय ऊर्जा, सीबीजी, हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा दक्षता, कार्बन प्रबंधन, बैटरी भंडारण तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियाँ शामिल हैं।

सुरक्षा हमारे लिए अपरिहार्य है और इस विषय में कोई समझौता नहीं किया जा सकता। प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी प्रणालियाँ, उन्नत परिसंपत्ति प्रबंधन तथा पूर्वानुमान आधारित अनुरक्षण हमारे परिचालनों की सुरक्षा और अखंडता को और सुदृढ़ बना रहे हैं।

राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता केवल व्यावसायिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान गेल की निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों से 25 लाख से अधिक लोगों को सकारात्मक लाभ प्राप्त हुआ। ष्गेल आरोग्यष कार्यक्रम के अंतर्गत 19 लाख से अधिक लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं।

**देवियो और सज्जनो,**

ऊर्जा संक्रमण न तो एक सीधी रेखा में आगे बढ़ेगा और न ही यह किसी एक ईंधन अथवा एकमात्र प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित होगा।

प्राकृतिक गैस औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, परिवहन, उर्वरक और पेट्रोकेमिकल क्षेत्रों को समर्थन देती रहेगी। एलएनजी आपूर्ति स्रोतों की विविधता को मजबूत करेगी। सिटी गैस वितरण उपभोक्ताओं तक स्वच्छ ऊर्जा पहुँचाएगा। संपीडित बायोगैस नवीकरणीय ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण विकल्प प्रदान करेगी तथा ग्रामीण आय और परिपत्र अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी। पेट्रोकेमिकल क्षेत्र मूल्य संवर्धन और आयात प्रतिस्थापन के अवसर उत्पन्न करेगा। आने वाले समय में नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी भंडारण, हरित हाइड्रोजन तथा कार्बन प्रबंधन समाधान और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

गेल इस परिवर्तनकारी दौर में अनेक महत्वपूर्ण शक्तियों के साथ प्रवेश कर रही है। इनमें भारत का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क, विविधीकृत एलएनजी पोर्टफोलियो, विस्तारित नौवहन क्षमताएँ, मजबूत विपणन क्षमता, देशव्यापी सीजीडी पारितंत्र, विकसित होते डाउनस्ट्रीम व्यवसाय, गहन परियोजना निष्पादन क्षमता तथा अनुभवी मानव संसाधन शामिल हैं।

अतः हमारी रणनीतिक दिशा स्पष्ट है। हम राष्ट्रीय गैस ग्रिड का विस्तार करेंगे, गैस विपणन को सुदृढ़ बनाएंगे, एलएनजी सोर्सिंग तथा नौवहन को विविधीकृत करेंगे, पेट्रोकेमिकल तथा एलपीजी अवसंरचना का विस्तार करेंगे, सीजीडी और सीबीजी विकास को प्रोत्साहित करेंगे, उर्वरक परियोजनाओं को आगे बढ़ाएंगे तथा चुनिंदा रूप से अपस्ट्रीम संसाधनों और महत्वपूर्ण खनिजों के अवसरों का अन्वेषण करेंगे।

साथ ही, हम अपने नेट–जीरो 2035 संकल्प को समर्थन देने हेतु नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी भंडारण, हरित हाइड्रोजन तथा अन्य निम्न–कार्बन व्यवसायों का विस्तार करेंगे। प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अनुसंधान और नवाचार गेल को अधिक सुरक्षित, अधिक दक्ष तथा अधिक उत्तरदायी बनाने में सहायक होंगे।

इन अवसरों का लाभ उठाने के साथ–साथ वित्तीय अनुशासन हमारी प्राथमिकता बना रहेगा। प्रत्येक निवेश का मूल्यांकन उसकी रणनीतिक प्रासंगिकता, जोखिम, वित्तीय स्थिरता तथा दीर्घकालिक हितधारक मूल्य सृजन की क्षमता के आधार पर किया जाएगा।

हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी गेल का निर्माण करना है जो अधिक मजबूत, अधिक लचीली, अधिक विविधीकृत, प्रौद्योगिकी–सक्षम और भविष्य के अवसरों के लिए पूर्णतः तैयार हो, साथ ही अपने हितधारकों के विश्वास पर दृढ़ता से आधारित रहे।

आपकी कंपनी शासन, नैतिकता एवं सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के अनुरूप अपने व्यवसाय का प्रचालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी का सुदृढ़ एवं प्रभावी कॉर्पोरेट प्रशासन ढाँचा संभावित व्यावसायिक जोखिमों का समाधान करते हुए इन मूल्यों को समर्थन प्रदान करता है तथा प्रबंधन की जिम्मेदारियों को निदेशक मंडल की दूरदर्शी रणनीतिक सोच के साथ समन्वित करता है। आवश्यक संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति न होने के कारण निदेशक मंडल एवं कुछ वैधानिक उप–समितियों की संरचना को छोड़कर कंपनी सेबी विनियमों तथा डीपीई के कॉर्पोरेट प्रशासन संबंधी दिशा–निर्देशों का अनुपालन करती रही है।

मैं इस अवसर पर हमारे ग्राहकों, व्यापारिक सहयोगियों तथा सभी हितधारकों द्वारा प्रदान किए गए महत्वपूर्ण योगदान और अटूट सहयोग के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। आपके सहयोग ने आपकी कंपनी के विकासात्मक प्रयासों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मैं निदेशक मंडल, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, केंद्र एवं राज्य सरकारों के सभी विभागों, हमारे ग्राहकों, शेयरधारकों तथा कर्मचारियों को भी उनके विश्वास और निवेश के लिए धन्यवाद देता हूँ। हमारे नेतृत्व पर आपका विश्वास हमारे लिए अत्यंत मूल्यवान है और हम अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने तथा हमारे सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित हैं।

अपने वक्तव्य का समापन करने से पूर्व, मैं गेल परिवार के प्रत्येक सदस्य के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करना चाहता हूँ। उनकी निष्ठा, प्रतिबद्धता और व्यावसायिक दक्षता ने कंपनी को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सफलतापूर्वक सामना करने, आपूर्ति व्यवधानों का प्रबंधन करने, महत्वपूर्ण परियोजनाओं को क्रियान्वित करने तथा ग्राहकों को विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान करते रहने में सक्षम बनाया है।

सबसे महत्वपूर्ण रूप से, मैं अपने शेयरधारकों का धन्यवाद करता हूँ।

आपका विश्वास हमें भविष्य में निवेश करने का आत्मविश्वास देता है, उत्तरदायी बने रहने का अनुशासन प्रदान करता है तथा उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने का संकल्प मजबूत करता है।

जैसे–जैसे गेल अपनी यात्रा के अगले चरण में प्रवेश कर रही है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सभी मिलकर ऐसे संगठन का निर्माण करेंगे जो अपने शेयरधारकों के लिए सतत मूल्य सृजित करे और साथ ही विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत तथा भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में सार्थक योगदान दे।

**गेल पर आपके निरंतर विश्वास और भरोसे के लिए आपका धन्यवाद।**

**जय हिन्द।**

# गेल (इंडिया) लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय :** गेल भवन, 16, भीकाएजी कामा प्लेस , आर. के. पुरम,
नई दिल्ली – 110066, | टेली:+91 11 26182955 | ईमेल: info@gail.co.in
www.gailonline.com | सीआईएन: L40200DL1984GOI018976